जिला स्तरीय परीक्षा

# विषय: गाय धर्म और विज्ञान

## महाविद्यालय स्तर

## सत्र 2025-26

## सेट– C

**प्रश्नों की संख्या : 100** **समय: 2 घंटे**

**अधिकतम अंक: 100**

**1. समुद्र मंथन के समय उत्पन्न पाँच दिव्य गौओं में से 'सुशीला' का प्रमुख आध्यात्मिक गुण क्या है?**
(a) सिद्धि प्रदान करना (b) जगत का कल्याण करना
(c) आनंद प्रदान करना (d) दुखों का निवारण करना।

**2. 'नंदी' को भूलोक में मानवों के संरक्षण हेतु उतारने से पूर्व भगवान शिव ने उन्हें किसका स्वरूप बताया था?**
(a) साक्षात् धर्म का (b) केवल एक पशु का
(c) अपनी शक्ति का (d) वायु का।

**3. गौ माता के 'ग्रीवा' (गले) में किस विशिष्ट देवता का निवास शास्त्र सम्मत माना गया है?**
(a) भगवान विष्णु (b) भगवान सूर्य
(c) भगवान शिव (d) भगवान इन्द्र।

**4. भविष्य पुराण के अनुसार गौ माता के मस्तक (माथे) के मध्य भाग में किस देव का वास है?**
(a) शिव (b) अग्नि (c) ब्रह्मा (d) चन्द्रमा।

**5. गौ के विश्वरूप में 'साध्य देवों' का निवास शरीर के किस स्थान पर माना गया है?**
(a) ह्रदय के समीप (b) कान के छिद्रों में
(c) गले में (d) नेत्रों में।

**6. अथर्ववेद के 'गौ सूक्त' के अनुसार, माता को किसका केंद्र (नाभि) माना गया है?**
(a) धन का (b) शक्ति का (c) अमृत का (d) विद्या का।

**7. 'गौ संपत्ति का भण्डार है ', यह उद्घोष ऋग्वेद के किस मंडल से प्रभावित माना जाता है?**
(a) प्रथम मंडल (b) चतुर्थ मंडल (c) दशम मंडल (d) षष्ठ मंडल।

**8. प्राचीन काल में वंश परिचय के लिए प्रयुक्त 'गोत्र' शब्द का वास्तविक अर्थ क्या था?**
(a) एक बड़ा नगर
(b) गौशाला या जहाँ गौएँ बांधी जाती थीं
(c) नदियों का संगम (d) पर्वत की चोटी।

**9. महाराज दशरथ ने पुत्रेष्ठि यज्ञ के समय गौदान में दी गई गायों के सींगों को किस धातु से सुसज्जित किया था?**
(a) चांदी (b) स्वर्ण (सोना) (c) तांबा (d) पीतल

**10. बाल श्रीराम को नजर से बचाने के लिए माताएँ किस विशिष्ट गव्य पदार्थ से उनका तुलादान करती थीं?**
(a) दूध (b) मट्ठा
(c) दही (d) गौघृत (गाय का घी)।

**11. 'विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार' चौपाई के अनुसार, प्रभु के अवतार का मूल प्रयोजन क्या है?**
(a) विप्र, धेनु, देव और संतों का संरक्षण
(b) मर्यादा की स्थापना
(c) केवल दुष्टों का विनाश
(d) इनमें से कोई नहीं।

**12. भगवान श्रीकृष्ण के राज्याभिषेक के समय कामधेनु ने उन्हें किस उपाधि से विभूषित किया था?**
(a) द्वारकाधीश (b) मुरारी (c) गोविंद (d) चक्रधर।

**13. गोकुल में इन्द्र के कोप से रक्षा हेतु श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को कितने दिनों तक धारण किया था?**
(a) तीन दिन (b) सात दिन (c) पाँच दिन (d) नौ दिन।

**14. श्रीकृष्ण के समय में 'वृषभ' (बैल) को किसका प्रतीक मानकर सामाजिक प्रतिष्ठा दी जाती थी?**
(a) पराक्रम का (b) विजय का
(c) धन का (d) कृषि और धर्म का।

**15. सत्यकाम जाबाल को 'ब्रह्म' के 'अनन्त' पाद का ज्ञान किस पक्षी द्वारा प्राप्त हुआ था?**
(a) जलमुर्ग (b) अग्नि (पक्षी रूप में)
(c) हंस (d) वृषभ।

**16. राजा दिलीप ने नन्दिनी की सेवा के 21 वें दिन सिंह के सामने स्वयं के शरीर का अर्पण क्यों किया?**
(a) वह युद्ध नहीं करना चाहते थे
(b) सिंह को डराने के लिए
(c) गौ–रक्षा के संकल्प को अपने प्राणों से ऊपर रखने हेतु
(d) इनमें से कोई नहीं।

**17. महाभारत के 'विराट पर्व' के अनुसार, अर्जुन ने बृहन्नला रूप में किनकी गायों को कौरवों से मुक्त कराया था?**
(a) महर्षि वशिष्ठ की (b) पांडवों की अपनी
(c) राजा विराट की (d) इनमें से कोई नहीं।

**18. राजा ऋतम्भर की गौ–सेवा का वह कठिन नियम क्या था जिसे 'छायानुगामी' कहा गया?**
(a) गाय के बैठने पर बैठना और चलने पर चलना
(b) केवल रात में सेवा करना
(c) केवल गौ–मूत्र का सेवन (d) इनमें से कोई नहीं।

**19. सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल के किस वर्ष में पशुवध और बधियाकरण (Castration) पर पूर्ण प्रतिबंध का शिलालेख लगवाया?**
(a) सत्ताईसवें वर्ष (b) दसवें वर्ष (c) चौदहवें वर्ष (d) प्रथम वर्ष।

**20. मुगल सम्राट अकबर के शासनकाल में गौ रक्षा हेतु बनाए गए नियमों का वर्णन किस ग्रंथ में मिलता है?**
(a) बाबरनामा (b) हुमायूँनामा
(c) आइन–ए–अकबरी (d) अकबरनामा।

**21. 'फतवे–ए–हुमायूँनी' के अनुसार, क्या गाय की कुर्बानी इस्लाम का अनिवार्य मजहबी हिस्सा है?**
(a) हाँ, यह अनिवार्य है (b) नहीं, यह अनिवार्य नहीं है
(c) केवल विशेष अवसरों पर (d) इनमें से कोई नहीं।

**22. ईसाई संत 'सेंट फ्रांसिस' ने पशुओं के प्रति कौन सा मानवीय दर्शन विश्व को दिया?**
(a) उन्हें केवल संपत्ति मानना (b) उन्हें केवल उपयोगी मानना
(c) उन्हें छोटे भाई–बहन समान प्रेम देना
(d) इनमें से कोई नहीं।

**23. पारसी धर्म के गुरु 'जरथुष्ट्र' ने गाय के किस उत्पाद को परम पवित्र और नकारात्मक शक्तियों का नाशक माना है?**
(a) दूध (b) गौ–मूत्र (गौमेज)
(c) घी (d) गोबर।

**24. 'खालसा पंथ' का सृजन धर्म, साधु और किसकी रक्षा के उद्देश्य से किया गया था?**

(a) गौ और गरीब (b) केवल भूमि (c) केवल मंदिर (d)केवल अस्त्र।

**25. बालक शिवाजी ने बीजापुर के बाजार में किस घटना के विरुद्ध अपनी तलवार पहली बार उठाई थी?**

(a) चोरी के विरुद्ध (b) कर वसूली के विरुद्ध
(c) गौ–हत्या या कसाई की क्रूरता के विरुद्ध
(d) इनमें से कोई नहीं।

**26. पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी ने बनारस में गौ–उत्पादों के वैज्ञानिक शोध हेतु किस संस्था की नींव रखी?**

(a) गौ सेवासंघ (b) अमूल डेयरी
(c) कृषि परिषद (d) दुग्ध बोर्ड।

**27. महर्षि दधिची की अस्थि से इन्द्र का वज्र किसकी दिव्य शक्ति और कृपा का परिणाम माना गया है?**

(a) देवताओं की (b) तपस्या की
(c) वायु देव की (d) गौ माता की।

**28. भारतीय गोवंश की 'गिर' नस्ल को ब्राजील में किस नाम से अत्यधिक प्रसिद्धि प्राप्त हुई?**

(a) साहिवाल (b) जेडू
(c) कामधेनु (d) इनमें से कोई नहीं।

**29. 'अमृत महाल' नस्ल के गौवंश का ऐतिहासिक विकास किस क्षेत्र के राजाओं के संरक्षण में हुआ?**

(a) मैसूर के शासक (b) मारवाड़ के राजा
(c) पंजाब के महाराजा (d) इनमें से कोई नहीं।

**30. नागौरी नस्ल के बैलों की विश्व भर में किस कार्य हेतु सर्वोच्च प्रतिष्ठा है?**

(a) तेज दौड़ने और कृषि कार्य (Draft ability) हेतु
(b) केवल दूध के लिए
(c) शांति प्रिय स्वभाव हेतु (d) इनमें से कोई नहीं।

**31. छत्तीसगढ़ की 'कोसली' गाय को राष्ट्रीय स्तर पर किस क्रम संख्या पर पंजीकृत किया गया है?**

(a) 03036 (b) 00001 (c) 00036 (d) 12345.

**32. कोसली नस्ल की गायों के दूध में 'वसा' (Fat) की अधिकतम सीमा कितनी दर्ज की गई है?**

(a) 4% (b) 8% (c) 6·1% (d) 2%

**33. 'इंडिया केटल डेटा' के अनुसार कोसली गाय की शारीरिक संरचना किस वातावरण के लिए सर्वाधिक अनुकूल है?**

(a) बर्फीले क्षेत्र (b) रेगिस्तान
(c) दलदली और ऊबड़–खाबड़ (छत्तीसगढ़ी मैदान)
(d) इनमें से कोई नहीं।

**34. देशी गाय के ककुद (Hump) में स्थित 'सूर्यकेतु नाड़ी' का वैज्ञानिक महत्व क्या है?**

(a) सौर ऊर्जा से दूध में स्वर्ण तत्वों का सृजन करना
(b) गाय को ठंडा रखना
(c) गाय की भूख बढ़ाना (d) इनमें से कोई नहीं।

**35. विदेशी नस्लों में देशी गाय की तुलना में किस अंग की अनुपस्थिति उन्हें भारतीय गर्मी के प्रति संवेदनशील बनाती है?**

(a) सींग (b) लंबी पूँछ
(c) गल कंबल और पसीने वाली ग्रंथियां
(d) भारी खुर।

**36. देशी गाय और विदेशी गाय के दूध में प्रमुख अंतर किस 'बीटा कैसीन' प्रोटीन के कारण होता है?**

(a) A1 औरA2 प्रोटीन (b) A3 प्रोटीन
(c) विटामिन सी (d) लैक्टोज।

**37. देशी गाय का दूध हल्का पीला किस विशिष्ट तत्व की उपस्थिति के कारण होता है?**

(a) आयरन (b) फास्फोरस
(c) बीटा कैरोटीन (d) कैल्शियम।

**38. वेदों में गाय को 'अध्न्या' कहा गया है, जिसका शाब्दिक अर्थ क्या है?**

(a) जो दूध न दे (b) जो केवल वन में रहे
(c) जिसका वध न किया जाए (d) इनमें से कोई नहीं।

**39. आयुर्वेद के अनुसार भैंस का दूध किन स्थितियों में वर्जित या हानिकारक बताया गया है?**

(a) अनिद्रा में (b) अधिक प्यास लगने पर
(c) पहलवानों के लिए (d) मंदाग्नि और कफ के रोगों में।

**40. महात्मा गाँधी ने गौ वंश की क्षति का सबसे बड़ा कारण समाज में किस पशु के बढ़ते पालन को माना था?**

(a) बकरी (b) भैंस (c) ऊँट (d) कुत्ता।

**41. रूसी वैज्ञानिक शिरोविच के अनुसार गाय का घी मानव शरीर के किस अंग या घटक को संतुलित रखता है?**

(a) हड्डियाँ (b) आँखों की रोशनी
(c) कोलेस्ट्रॉल और रक्त तत्व (d) इनमें से कोई नहीं।

**42. 'आयुर्वेघृतम (10 वर्ष से अधिक पुराना घी) को किस श्रेणी का उपचार माना गया है?**

(a) महाऔषधि (मानसिक रोगों हेतु)(b) साधारण भोजन
(c) विष के समान (d) इनमें से कोई नहीं।

**43. दोपहर के समय पिया गया गाय का दूध किस दोष का नाशक माना जाता है?**

(a) केवल वात (b) कफ और पित्त
(c) वात और पित्त (d) इनमें से कोई नहीं।

**44. आधुनिक चिकित्सा शोध के अनुसार गौ–मूत्र अर्क (Distillate) को क्या संज्ञा दी गई है?**

(a) जैव–शक्तिवर्धक (b) केवल अपशिष्ट
(c) साधारण जल (d) इनमें से कोई नहीं।

**45. गौ–मूत्र में मौजूद Carbolic Acido किस रूप में कार्य करता है?**

(a) मीठा पदार्थ (b) रंजक (Color)
(c) कीटाणुनाशक (d) सुगंध।

**46. आयुर्वेद के अनुसार गौ–मूत्र को संचय करने हेतु सर्वोत्तम पात्र कौन सा बताया गया है?**

(a) कांच या मिट्टी का पात्र (b) प्लास्टिक
(c) एल्युमिनियम (d) तांबा।

**47. 'लक्ष्मीश्च गोमये नित्यं' सूक्ति के अनुसार, गोबर में लक्ष्मी का वास किस व्यावहारिक लाभ की ओर संकेत करता है?**

(a) केवल पूजा (b) सुगंध
(c) कृषि समृद्धि और भूमि उर्वरता (d) इनमें से कोई नहीं।

**48. गोबर की राख का प्रयोग दाँतों के किस गंभीर रोग के उपचार में सहायक है?**

(a) दाँत टूटना (b) पायरिया और मसूड़ों की सूजन
(c) केवल दाँत सफेद करना (d) इनमें से कोई नहीं।

**49. गोबर खाद के प्रयोग से मिट्टी की 'जल धारण क्षमता' (Water Retention) पर क्या प्रभाव पड़ता है?**

(a) घट जाती है (b) स्थिर रहती है
(c) अत्यधिक बढ़ जाती है (d) इनमें से कोई नहीं।

**50. स्वर्णप्राशन संस्कार में मुख्य रूप से स्वर्ण भस्म के साथ किन दो गौ–उत्पादों का उपयोग होता है?**

(a) गौघृत (घी) और शहद (b) दूध और दही
(c) गौमूत्र और घी (d) मट्ठा और दूध।

**51. स्वर्णप्राशन को 'पुष्य नक्षत्र' में देने का वैज्ञानिक तर्क क्या है?**

(a) यह नक्षत्र ठंडा होता है (b) यह नक्षत्र सुंदर दिखता है
(c) औषधीय गुणों के अवशोषण की उच्चतम क्षमता

(d) इनमें से कोई नहीं।

**52. नियमित स्वर्णप्राशन से बच्चों के 'मेधा' (IQ) के अलावा और क्या विकसित होता है?**
(a) रोग प्रतिरोधक क्षमता (b) केवल शारीरिक लंबाई
(c) केवल नींद (d) इनमें से कोई नहीं।

**53. पंचगव्य के घटक तत्वों में से किन्हें 'गव्य' की श्रेणी में रखा गया है?**
(a) गुड़, शहद, शक्कर (b) दूध, दही, घी
(c) केवल जल (d) इनमें से कोई नहीं।

**54. देहशुद्धि हेतु शास्त्रों में किस पेय पदार्थ का विधान बताया गया है?**
(a) नारियल पानी (b) फलों का रस
(c) पंचगव्य (d) केवल गंगाजल।

**55. गौशाला प्रबंधन का वह मुख्य सिद्धांत क्या है जो गायों के मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य से जुड़ा है?**
(a) प्रेमपूर्ण व्यवहार और निर्भय वातावरण
(b) केवल अधिक दूध निकालना
(c) उन्हें बांधकर रखना (d) इनमें से कोई नहीं।

**56. गौ–उत्पादों (जैसे साबुन, धूप) का उपयोग करके हम किस क्रांति में अपना योगदान दे सकते हैं?**
(a) औद्योगिक क्रांति (b) केवल विज्ञापन क्रांति
(c) गौ–आधारित ग्रामीण स्वावलंबन क्रांति
(d) इनमें से कोई नहीं।

**57. भविष्य की रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक शहरी आबादी की बढ़ती जरूरतों हेतु कौन–सी कृषि पद्धति आवश्यक होगी?**
(a) केवल रासायनिक कृषि (b) समुद्री कृषि
(c) छत पर बागवानी (d) इनमें से कोई नहीं।

**58. छत पर बागवानी के लिए सबसे हल्की और प्रभावी खाद कौन सी है?**
(a) यूरिया (b) औद्योगिक कचरा
(c) गौ–मूत्र अर्क और गोबर खाद (d) इनमें से कोई नहीं।

**59. छत पर बागवानी करने से घर के भीतर के तापमान में कितनी कमी दर्ज की जा सकती है?**
(a) 1 डिग्री (b) 15 डिग्री
(c) 5 से 8 डिग्री सेल्सियस (d) बिल्कुल नहीं।

**60. गौ–आधारित कृषि में रासायनिक कीटनाशकों का विकल्प क्या है?**
(a) नीमख, दशपर्णी अर्क (गौ–मूत्र आधारित)
(b) केवल पानी
(c) प्लास्टिक कचरा (d) इनमें से कोई नहीं।

**61. देशी गाय के एक ग्राम गोबर में सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या कितनी अनुमानित है?**
(a) 10 लाख (b) 50 लाख
(c) 300 से 500 करोड़ (d) 1 करोड़।

**62. 'जीवामृत' तैयार करने हेतु मुख्य जैविक प्रेरक (Microbial starter) के रूप में किसका प्रयोग होता है?**
(a) केवल गुड़ (b) यूरिया
(c) देशी गाय का गोबर और गौ–मूत्र
(d) नमक।

**63. जीवामृत प्रयोग से रासायनिक खेती की तुलना में सिंचाई के पानी में कितनी बचत होती है?**
(a) 10% (b) शून्य
(c) 70% से 90% (d) 20%

**64. रसायनिक उर्वरकों के निरंतर प्रयोग से मिट्टी का 'ऑर्गेनिक कार्बन' स्तर गिरकर कितना रह गया है?**
(a) 5% (b) 10%
(c) 0·3% से भी कम (d) 2%

**65. 'समाधि खाद' का मुख्य वैज्ञानिक लाभ क्या है?**
(a) भूमि की उर्वरता और फॉस्फोरस की उच्चतम आपूर्ति
(b) केवल श्रद्धा
(c) केवल जमीन खाली करना (d) इनमें से कोई नहीं।

**66. केंचुएँ को 'किसानों का मित्र' कहने का मुख्य वैज्ञानिक कारण क्या है?**
(a) वह सुंदर दिखता है (b) वह फसल खाता है
(c) मिट्टी को छिद्रयुक्त बनाकर वायु संचार बढ़ाता है
(d) इनमें से कोई नहीं।

**67. केंचुआ मिट्टी में कितनी गहराई तक जाकर भूमि का कायाकल्प कर सकता है?**
(a) केवल 1 इंच (b) वह केवल सतह पर रहता है
(c) 10 से 15 फीट तक (d) इनमें से कोई नहीं।

**68. पंचगव्य चिकित्सा का मुख्य आधार क्या है?**
(a) केवल सर्जरी (b) वात, पित्त और कफ का संतुलन
(c) केवल एलोपैथी (d) इनमें से कोई नहीं।

**69. कान बहने या कान के दर्द में किस गव्य उत्पाद का उपयोग प्रभावी माना गया है?**
(a) ठंडा पानी (b) तेल
(c) गुनगुना गौ–मूत्र (d) दूध।

**70. विषपान (जहर) की स्थिति में प्राथमिक उपचार हेतु किस उत्पाद का रस पिलाने का विधान आयुर्वेद में है?**
(a) ताजा गोबर का रस निकालकर (b) फलों का रस
(c) गर्म पानी (d) इनमें से कोई नहीं।

**71. छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान में कैंसर की समस्या बढ़ने का एक बड़ा कारण वैज्ञानिकों ने किसे माना है?**
(a) अधिक फल खाना (b) अधिक व्यायाम
(c) रसायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का अनियंत्रित उपयोग
(d) इनमें से कोई नहीं।

**72. फलों और सब्जियों को पकाने हेतु प्रयुक्त होने वाला 'इथरेल' स्वास्थ्य के लिए क्यों हानिकारक है?**
(a) वह मीठा होता है
(b) कार्सिनोजेनिक (कैंसर कारक) तत्वों से युक्त है
(c) वह ठंडा होता है
(d) इनमें से कोई नहीं।

**73. ग्लोबल वार्मिंग को कम करने में 'गौ–संस्कृति' कैसे सहायक है?**
(a) यह गर्मी बढ़ाती है
(b) यह कार्बन उत्सर्जन कम करती है
(c) इसका कोई प्रभाव नहीं है (d) इनमें से कोई नहीं।

**74. भूजल स्तर (Groundwater level) बढ़ाने में केंचुओं और जैविक खेती की क्या भूमिका है?**
(a) वे मिट्टी में असंख्य सूक्ष्म नालियाँ बनाकर वर्षा जल को पाताल तक पहुँचाते हैं
(b) वे पानी सोख लेते हैं
(c) वे पानी रोक देते हैं (d) इनमें से कोई नहीं।

**75. संयुक्त राष्ट्र (UN) के कितने सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs) की पूर्ति में 'गौ–आधारित जीवनशैली' सहायक हो सकती है?**
(a) केवल 1 (b) केवल 5
(c) सभी 17 लक्ष्य (d) कोई नहीं।

**76. गौ–मूत्र में पाया जाने वाला 'Potassium' शरीर की किस समस्या को दूर करता है?**
(a) केवल आँखों का दर्द (b) बालों का गिरना
(c) रक्तचाप (BP) और मांसपेशियों की शिथिलता
(d) इनमें से कोई नहीं।

**77. देशी गाय की पूँछ में पवन पुत्र हनुमान का वास माना गया है, यह किस व्यावहारिक लाभ की ओर संकेत है?**
(a) पूँछ के प्रहार से स्नायु तंत्र (Nerve points) जाग्रत होते हैं
(b) पूँछ हिलाने से मक्खियाँ उड़ती हैं
(c) केवल एक कथा है
(d) इनमें से कोई नहीं।

78. 'गवामृतम' शब्द का संधि विच्छेद और अर्थ क्या है?
(a) गौ + अमृत (गाय का दूध ही अमृत है)
(b) ग + अमृत
(c) गवा + मृत (d) इनमें से कोई नहीं।

79. ऋग्वेद में गाय के लिए 'दुहिता' शब्द का प्रयोग हुआ है, इसका क्या अर्थ है?
(a) जो दुख दे (b) जो वन में भागे
(c) दूध दुहने वाली या पुत्री समान (d) इनमें से कोई नहीं

80. साहिवाल नस्ल की गायों का मूल स्थान वर्तमान में कहाँ स्थित है?
(a) हरियाणा
(b) गुजरात
(c) पाकिस्तान का साहिवाल जिला (विभाजन पूर्व भारत)
(d) राजस्थान।

81. गौ–घृत (घी) का नियमित सेवन किस अंग की कार्यक्षमता बढ़ाने हेतु वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है?
(a) पैर
(b) हृदय और मस्तिष्क (कोशिका विकास)
(c) नाखून
(d) इनमें से कोई नहीं।

82. गोबर की खाद में 'नाइट्रोजन' की मात्रा बढ़ाने हेतु उसे किस प्रकार के गड्ढों में सड़ाना चाहिए?
(a) धूप में खुला छोड़कर (b) छायादार और ढके हुए गड्ढों में
(c) पानी में डुबाकर (d) इनमें से कोई नहीं।

83. 'स्वर्णप्राशन' संस्कार किस नक्षत्र से प्रारंभ होकर कितने समय तक देना सर्वोत्तम है?
(a) पुष्य नक्षत्र से निरंतर (न्यूनतम 6 माह)
(b) रोहिणी नक्षत्र से 1 दिन
(c) मघा नक्षत्र से 2 दिन (d) इनमें से कोई नहीं।

84. 'दशपर्णी अर्क' बनाने में मुख्य विलायक (Solvent) के रूप में किसका प्रयोग होता है?
(a) जल (b) दूध (c) देशी गौ–मूत्र(d) तेल।

85. 'शून्य लागत प्राकृतिक खेती' (ZBNF) के प्रणेता जिन्होंने गाय के महत्व को पुनः स्थापित किया, कौन हैं?
(a) एम.एस. स्वामीनाथन (b) सुभाष पालेकर
(c) वर्गीज कुरियन (d) इनमें से कोई नहीं।

86. गाय के दूध में 'Cerebrosides' तत्व की उपस्थिति का मुख्य लाभ क्या है?
(a) हड्डियों की मजबूती (b) केवल ऊर्जा
(c) मानसिक विकास और बुद्धि कुशाग्रता
(d) इनमें से कोई नहीं।

87. किस गव्य पदार्थ का उपयोग भूमि के 'ऑर्गेनिक कार्बन' को बढ़ाने हेतु 'वेस्ट डीकंपोजर' के साथ किया जाता है?
(a) गौ–मूत्र और गोबर (b) केवल नमक
(c) रासायनिक स्प्रे (d) इनमें से कोई नहीं।

88. 'अहिंसात्मक दुग्ध उत्पादन' का वैश्विक स्तर पर क्या अर्थ है?
(a) मशीनों से दूध निकालना
(b) बछड़े का पेट भरकर और गाय के स्नेह के साथ प्राप्त दूध
(c) बिना बछड़े के दूध निकालना
(d) इनमें से कोई नहीं।

89. गौ–पालन से 'पर्यावरण संरक्षण' कैसे होता है?
(a) रासायनिक खेती की जगह जैविक खेती को बढ़ावा देकर
(b) मिट्टी के कटाव को रोककर
(c) मीथेन के उत्सर्जन को प्रबंधित करके
(d) उपर्युक्त सभी।

90. गाय के घी के जलने से कौन सा तत्व उत्पन्न होता है जो वायुमंडल को शुद्ध करता है?
(a) धुआँ
(b) कार्बन मोनोऑक्साइड
(c) फार्मेलिन गैस और ऑक्सीजन वृद्धि
(d) इनमें से कोई नहीं।

91. पंचगव्य के नियमित सेवन से शरीर के किस तंत्र (System) की शुद्धि होती है?
(a) केवल कंकाल तंत्र (b) रक्त और कोशिकीय तंत्र
(c) केवल स्नायु तंत्र (d) इनमें से कोई नहीं।

92. छत्तीसगढ़ में 'कोसली' गोवंश के संरक्षण हेतु कौन–सा प्रमुख संस्थान कार्य कर रहा है?
(a) औद्योगिक विभाग
(b) राज्य गौ सेवा आयोग एवं कामधेनु विश्वविद्यालय
(c) केवल निजी गौशालाएँ
(d) इनमें से कोई नहीं।

93. किस नक्षत्र के दौरान स्वर्णप्राशन देने से बच्चों की 'रोग प्रतिरोधक क्षमता' उच्चतम स्तर पर पहुँचती है?
(a) पुष्य नक्षत्र (b) रोहिणी (c) अश्विनी (d) रेवती।

94. 'गौ धन' को भारतीय अर्थव्यवस्था की 'रीढ़' क्यों कहा गया है?
(a) यह कृषि, पोषण और ऊर्जा का अक्षय स्रोत है
(b) यह केवल दूध देता है
(c) यह केवल सजावट है
(d) इनमें से कोई नहीं।

95. 'जीवामृत' में 'गुड़' का क्या विशेष कार्य है?
(a) मिठास बढ़ाना
(b) सूक्ष्मजीवों के किण्वन हेतु ऊर्जा देना
(c) रंग बदलना
(d) इनमें से कोई नहीं।

96. गौ–मूत्र में पाया जाने वाला 'यूरिया' कृत्रिम यूरिया से कैसे भिन्न है?
(a) यह महँगा होता है
(b) यह जमीन को जहरीला नहीं बनाता और पौधों द्वारा तुरंत अवशोषित होता है
(c) यह काम नहीं करता
(d) इनमें से कोई नहीं।

97. गाय के गोबर से बनी 'धूपबत्ती' जलाने का मुख्य वैज्ञानिक लाभ क्या है?
(a) वातावरण से बैक्टीरिया और सूक्ष्म वायरस का नाश
(b) केवल खुशबू
(c) केवल धुआँ (d) इनमें से कोई नहीं।

98. स्वर्णप्राशन किस आयु तक के बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु अनिवार्य बताया गया है?
(a) 1 वर्ष (b) जन्म से 16 वर्ष तक
(c) 25 वर्ष (d) केवल वृद्धों हेतु।

99. देशी गाय की सेवा से 'मानसिक शांति' मिलने का क्या वैज्ञानिक कारण है?
(a) गाय की 'ऑरा' और स्नेहपूर्ण स्पर्श से ऑक्सीटोसिन का स्राव
(b) केवल कल्पना
(c) गाय का रंग
(d) इनमें से कोई नहीं।

100. 'गौ विज्ञान' का मुख्य लक्ष्य क्या है?
(a) प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के संगम से जन–कल्याण
(b) केवल परंपरा को होना
(c) केवल व्यापार
(d) इनमें से कोई नहीं।

●●

This document was created with the Win2PDF "Print to PDF" printer available at

https://www.win2pdf.com

This version of Win2PDF 10 is for evaluation and non-commercial use only.
Visit https://www.win2pdf.com/trial/ for a 30 day trial license.

This page will not be added after purchasing Win2PDF.

https://www.win2pdf.com/purchase/